Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to establish a Fishery University in Eastern Uttar Pradesh particularly in Gorakhpur -laid.

श्री रवि किशन (गोरखपुर): निषाद समाज हमारे देश का एक महत्त्वपूर्ण समाज है। रामायण काल में भी इस समाज ने भगवान राम की सेवा की थी और उनकी मित्रता अर्जित की थी। परंतु आज इस समाज की अवस्था अच्छी नहीं है। मेरे राज्य उत्तर प्रदेश में लगभग 13 प्रतिशत आबादी इस समाज के लोगों की है और मेरे संसदीय क्षेत्र गोरखपुर और आसपास के इलाकों में इस मछली पालन ही है परंतु इस पूरे क्षेत्र में मछली पालन के संबंध में कोई संस्था सरकार की तरफ से स्थापित नहीं की गई है। जिसके कारण उन्हें अपने कार्य में उसे उचित प्रशिक्षण नहीं मिल पाता है और वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन नहीं कर पाने के कारण उन्हें आर्थिक तंगी होती है। इसलिए केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूँ कि पूर्व उत्तर प्रदेश विशेषकर गोरखपुर में एक मत्स्य विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए। इससे ना सिर्फ मत्सय पालन के क्षेत्र में नए अनुसंधान और शिक्षण हो पाएंगे में बल्कि उस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण रोजगार देने वाले व्यवसाय को अधिक संगठित और वैज्ञानिक रूप से चलाया जा सकेगा।